Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

214. हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप की भील सेना का कमाण्डर था

(a) राणा पूँजा (b) लूंणा चावण्ड्या
(c) जीवाशाह (d) तारा भील

RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (a) : हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप की भील सेना का कमाण्डर राणा पूँजा थे। यह युद्ध जून, 1576 में राणा प्रताप एवं मुगल शासक अकबर के सेनापति मान सिंह के मध्य हुआ। इस युद्ध में राणाप्रताप को मुख्य रूप से भील जनजाति का सहयोग मिला था।

215. निम्नलिखित शासकों में से किसने भीलों को अपनी सैन्य-व्यवस्था में उच्च स्थानों पर नियुक्त किया?

(a) राय सिंह
(b) मालदेव
(c) महाराणा प्रताप
(d) चंद्रसेन

RPSC School Lecturer 2020 (14-12-2020)

Ans. (c) : महाराणा प्रताप ने भीलों को अपनी सैन्य व्यवस्था में उच्च पदों पर नियुक्त किया। हल्दी घाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप की भील सेना का कमांडर राणा पूँजा ही था।

216. किसे महाराणा प्रताप का पथ- प्रदर्शक कहा जाता है?

(a) राव मालदेव (b) राव चन्द्रसेन
(c) मोटा राजा उदयसिंह (d) अमरसिंह राठौड़

RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (b) : राव चन्द्रसेन को महाराणा प्रताप का पथ-प्रदर्शक कहा जाता है। चन्द्रसेन राठौर, मारवाड़ के शासक थे। इन्होंने भी अकबर के विरूद्ध संघर्ष किया। राव चन्द्रसेन ने भी अकबर की अधीनता स्वीकार नही की थी। यह अकबर के शासनकाल के प्रथम शासक थे जो स्वतंत्र रहना चाहते थे।

217. हल्दी घाटी के युद्ध से पूर्व महाराणा प्रताप से समझौता करने लिए अकबर ने निम्नलिखित में से किसे भेजा?

(a) सैयद हाशिम (b) अमीर जलाल खान
(c) शाहबाज़ खान (d) गाज़ी खान

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019
Economic Investigator 2018
हथकरघा निरीक्षक - 2018

Ans. (b) – हल्दी घाटी युद्ध से पूर्व मुगल सम्राट अकबर द्वारा सबसे पहले 'अमीर जलाल खान कुरची' को समझौता करने के लिए भेजा, बाद में मानसिंह, भगवानदास एवं टोड़रमल को 1573 ई. में भी समझौता हेतु भेजा। परन्तु महाराणा प्रताप ने किसी भी समझौते से इनकार कर दिया।

218. अकबर ने दिसम्बर 1573 में प्रताप को समझाने के लिए किसे भेजा था?

(a) जलाल खान (b) मान सिंह
(c) भगवंत दास (d) टोडरमल

लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

219. हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप की रक्षा किसने की?

(a) मानसिंह (b) झाला बीदा
(c) भामाशाह (d) शक्तिसिंह

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकनिक रेफ्रिजरेशन) 2018

Ans. (c) – हल्दीघाटी का युद्ध मेवाड़ के महाराणा प्रताप एवं अकबर के मध्य जून, 1576 को लड़ा गया। इस युद्ध के बाद महाराणा प्रताप के मंत्री भामाशाह ने अपनी निजी संम्पत्ति से महाराणा की आर्थिक सहायता की। इसलिए भामाशाह को मेवाड़ का उद्धारक तथा दानवीर कहा जाता है।

220. हल्दीघाटी के युद्ध के पश्चात महाराणा प्रताप ने मुगलों के विरुद्ध कहाँ से प्रतिरोध जारी रखा?

(a) कुम्भलगढ़ (b) चावण्ड
(c) देवगढ़ (d) गोगुन्दा

कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) – महाराणा प्रताप का जन्म 1540 ई. में कुंभलगढ़ के दुर्ग में हुआ था। जून, 1576 को हल्दीघाटी में मुगल शासक अकबर के सेनापति मानसिंह एवं महाराणा प्रताप के मध्य यह युद्ध हुआ। जिसमें महाराणा प्रताप की हार हुई। कर्नल टॉड ने इस युद्ध को 'मेवाड़ का थर्मोपल्ली का युद्ध' कहा है। इस युद्ध के बाद महाराणा प्रताप ने चावण्ड को अपनी नई राजधानी बनाई तथा मुगलों से संघर्ष जारी रखा।

221. महाराणा प्रताप के किस सौतेल भाई को अकबर ने जहाजपुर की जागीर प्रदान की थी?

(a) उदय सिंह (b) शक्ति सिंह
(c) जगमाल सिंह (d) माधों सिंह

Kanisht Abhiyanta (Civil) 18.05.2022

Ans. (c) : महाराणा प्रताप के सौतेले भाई जगमाल सिंह को अकबर ने जहाजपुर की जागीर प्रदान की थी।

222. किस मुगल ने चित्तौड़ विजय के उपरान्त मेवाड़ में सिक्का एलची जारी किया?

(a) बाबर (b) अकबर
(c) जहाँगीर (d) शाहजहाँ

कनिष्क अभियन्ता (यांत्रिक) 13.12.2020, Code-80
कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) – मुगल शासक अकबर ने चित्तौड़ विजय के उपरान्त मेवाड़ में एलची नाम का सिक्का जारी किया। 1567 ई. में अकबर ने चित्तौड़ का घेरा डाला था।

223. महाराणा प्रताप की मृत्यु के पश्चात् निम्न में से कौन सा राजपूत मेवाड़ का शासक बना?

(a) अमरसिंह (b) कर्णसिंह
(c) जगतसिंह (d) राजसिंह

JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021
कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020

Ans. (a) : महाराणा प्रताप की मृत्यु के बाद महाराणा अमरसिंह (1597-1620) राजपूत मेवाड़ का शासक बना। अमरसिंह प्रथम महाराणा प्रताप के पुत्र थे।

224. मुगल-मेवाड़ संधि 1615 ....के मध्य हुई।

(a) अकबर एवं प्रताप
(b) अकबर एवं उदयसिंह
(c) जहाँगीर एवं अमरसिंह
(d) औरंगजेब एवं अजीतसिंह

लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018
अनुदेशक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (27.12.2020)